## खबर संक्षेप

### 30 टन अवैध कोयला जप्त



**शहडोल।** अमलाई थाना अंतर्गत 06 मई को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम टिकुरी टोला के तरफ बगार जंगल में असामाजिक तत्वों के द्वारा बड़ी मात्रा में कोयला भंडारित करके रखा गया है। सूचना पर अमलाई पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर करीब 30 टन कोयला कीमती करीब 30.000 रुपये जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक रमेश पासी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 17 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 05 मई को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 03 स्थानों पर दबिश देकर कुल 17 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई।

### 47 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 05 मई को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 47 चालानों में 15.900 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध हुई कार्यवाही

**शहडोल।** सीधी थाना क्षेत्रांतर्गत 05 मई को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि करपा की तरफ कुछ व्यक्ति रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन कर रहे है। सूचना पर सीधी पुलिस द्वारा करपा में एक ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा, जिसे रूकवाकर वाहन स्वामी-चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम अजय द्विवेदी पिता गंगाधर द्विवेदी उम्र 32 वर्ष निवासी बनसुकली का होना बताया जिससे वाहन एवं रेत परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर कोई वैध दस्तावेज न होना बताया जिससे सीधी पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक एवं वाहन मालिक अजय द्विवेदी के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सीधी राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक श्याम सिंह परते की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 2 अवैध गोफ को कराया बंद



**शहडोल।** बुढ़ार पुलिस को 06 मई को सूचना प्राप्त हुई कि थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत छांटा एवं चंगेरा में कोयले की चोरी करने के लिये अवैध सुरंग एवं गोफ बनाये गए हैं। जिससे आमजन की जान-माल की खतरे की आशंका है। बुढ़ार पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए उक्त गोफ को जेसीबी मशीन की सहायता से बंद कराया गया, पूर्व में भी बुढ़ार पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत कई गोफ को बंद कराया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सड़कों पर घटनाएं बढ़ रहीं है, नगरपालिका बरत रही उदासीनता

# मलबे व मटेरियलों की भरमार से सड़कों पर हो रही फजीहत

**शहडोल।** शहर के अंदर जगह जगह सड़कों पर फेके गए मलबे का अम्बार लगा दिखाई पड़ता है। जिसके कारण वाहनों की आवाजाही में असुविधा उत्पन्न हो रही है। शहर की आवाजाही का हाल यह है कि कहीं तो सीवर लाइन की तोड़फोड़ के कारण सड़कें खराब हैं और कहीं मलबा भटा पड़ा है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में नगरपालिका द्वारा गलियों का भ्रमण कर मलबा फेकने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती थी और उनका प्रकरण अदालत में भी प्रस्तुत कर दिया जाता था। लेकिन विगत दो वर्षों से नगरपालिका ने इस पर कार्रवाई करना बंद कर दिया है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। ज्ञातव्य है कि सड़क बाधित करना एक आपराधिक कृत्य है। जिसकी नागरिकों को एक तो जानकारी नही है और फिर कार्रवाई के अभाव में वे लापरवाही भी बरतते हैं।

### सड़कों पर मटेरियल भी

शहडोल नगर की कई सघन बस्तियां ऐसी हैं जहां कि सड़कें तंग हैं और दो वाहनों के निकलने की भी जगह नहीं है। ऐसी स्थिति में कई घर मालिकों द्वारा अपने आवासों का जीर्णोद्धार कराने अथवा नया आवास बनवाने के कारण गिट्टी, रेता आदि जैसे मटेरियल मंगा कर सड़क के किनारे ही रखवा दिया जाता है और फिर अपनी सुविधा के अनुसार उसे उठवाया जाता है। तब तक आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घरौला, पुरानी बस्ती, सिंहपुर रोड आदि की बस्तियों में कई जगह यह स्थिति दिखाई पड़ती है। लोग सड़क घेर कर अपना मटेरियल वाहनों से उतरवा लेते हैं और फिर उसे अंदर रखवाने में समय लगाते हैं तब तक किसी दूसरे का मटेरियल गिर जाता है।



### मलबा कहां फेंके?

बीते वर्ष नगरपालिका ने एक निर्णय लिया था कि घरों का मलबा अगर सड़क किनारे फेका जाता है तो उसे सूचित कर दिया जाए वह अपने ट्रैक्टरों में उसे उठवाकर उनका उपयोग उन स्थानों पर करेगी जहां समतलीकरण किया जाना है। किसी स्थल को समतल करने के लिए जेसीबी चलने के बाद उसकी भराई कराने की आवश्यकता होती है। इसके अलावा सड़कों के किनारे पटरी भराई के लिए भी मलबे की आवश्यकता होती है। निचले क्षेत्रों की समतलीकरण के लिए एवं वहां निर्माण करने से पूर्व जमीन की भराई कराने के लिए मलबे की जरूरत होती है। लेकिन अब न तो नगरपालिका सूचना पर काम करती है और न उसे मलबे से सरोकार रह गया है। लोग इस बात से पशोपेश में हैं कि आखिर मलबा कहां फेंके। लोग इसके लिए शुल्क देने को भी तैयार हैं।

### नगरपालिका सुस्त क्यों पड़ी

कार्रवाई के नाम पर नगरपालिका उदासीन होती जा रही है। न तो वह जागरुकता के लिए मुनादी कराती है और न मटेरियल फेंकने वालों पर कार्रवाई करने नोटिस देती है। शहर को लोगो की मनमानियों पर छोड़ दिया गया है। रास्ते में आने जाने वालों को असुविधाएं झेलनी पड़तीं हैं तो उसकी बला से। एक तो सीवर लाइन ने सड़कों का हुलिया बिगाड़ रखा है और फिर रही सही कसर मलबा मटेरियल फेंकने वालों ने पूरी कर दी है। इस बारे मे नागरिकों ने कई बार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है। लोगों का कहना है कि अगर समय समय पर कार्रवाइयां होती रहें तो लोग सचेत रहें और सड़क जैसी अनिवार्य सुविधाएं बाधित नही होगी।

# हत्यारी पत्नी व उसके प्रेमी और साथी को आजीवन कारावास

**शहडोल।** माननीय अपर सत्र न्यायाधीश बुढ़ार श्रीमती सुमन उइके द्वारा सत्र प्रकरण में प्रियंका सिंह पति स्व. मुकश सिंह निवासी आपीएम कॉलोनी अमलाई,अमित सिंह पिता पंथदेव सिंह निवासी गोकुलधाम कॉलोनी अम्बेडकर नगर बुढ़ार एवं भोलू केवट पिता लाला केवट निवासी ईमली टोला बुढ़ार तीनों आरोपी को भादवि की धारा 302 में आजीवन कारावास तथा 10,000-10,000 रूपये के अर्थदंड, धारा 201 भादवि में 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 5000-5000 रूपये का अर्थदंड, धारा 120बी भादवि में आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया । शासन की ओर से उक्त प्रकरण में राजकुमार रावत अतिरिक्त डीपीओ बुढ़ार द्वारा पैरवी की गई, जिनका सहयोग कुबेन्द्र शाह ठाकुर एडीपीओ एवं मनोज कुमार पनिका एडीपीओ बुढ़ार ने किया ।

### यह है मामला

संभागीय जनसंपर्क अधिकारी अभियोजन नवीन कुमार वर्मा ने बताया कि फरियादी आनंद कुमार लोधी द्वारा थाना बुढ़ार में इस आशय का मर्ग सूचना दी कि 12 जनवरी 2021 की रात्रि 9:15 बजे में अपनी स्कूटी से एनएच 43 रोड से अपने घर जा रहा था, तो मारूती नंदन पेट्रोल पम्प से करीब 500 मीटर आगे कोतमा रोड पर एक व्यक्ति रोड के किनारे बाई ओर मरा पड़ा था, जिसके सिर व चेहरे में चोट लगी थी, देखने से लग रहा था कि कोई उसके साथ मारपीट कर हत्या कर दिया है। पास में एक औरत खड़ी थी जो अपना नाम प्रियंका सिंह व मरे हुए व्यक्ति का नाम मुकेश सिंह पिता अनंता सिंह उम्र 37 वर्ष, ओपीएम कॉलोनी अमलाई का होना बताई। औरत के साथ एक बच्ची भी थी। मुकेश सिंह की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। प्रियंका सिंह से पूंछने पर कुछ नहीं बता रही थी और उसका व्यवहार भी संदिग्ध लग रहा था। सूचना पर थाना बुढ़ार में अपराध पंजीबद्ध किया गया है, सम्पूर्ण कार्यवाही पश्चात अभियुक्तगण के विरूद्ध भादवि की धारा 302,201,एवं 120बी के तहत पुलिस रिपोर्ट बुढ़ार न्यायालय में समक्ष प्रस्तुत किया गया। अपराध की प्रमाणिकता हेतु अभियोजन द्वारा कुल 24 साक्षियों के कथन न्यायालय में कराये गये, साथ ही डीएनए रिपोर्ट धनात्मक पाये गये एवं आरोपी के अंगुल चिन्ह का मिलान करने पर फिंगर प्रिंट समान पाये गये थे। अभियोजन साक्षी, डीएनए रिपोर्ट, फिंगर प्रिंट रिपोर्ट एवं परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर एवं माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए सशक्त तर्कों से सहमत होकर एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विचारण उपरांत आरोपीगणों को उपरोक्तानुसार दण्ड से दंडित किया गया।

### भाजपा बनी अपराधियों की सरपरस्त, प्रशासनिक अधिकारी फोटो खिचवानें में मस्त : सुभाष

**शहडोल।** काँग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने रेत माफियाओं द्वारा एएसआई महेन्द्र बागरी की ट्रैक्टर ट्राली से कुचल कर हत्या किए जाने पर रोष जताते हुए इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। सुभाष गुप्ता ने कहा शहडोल के संभाग बनने के बाद यहाँ बड़े-बड़े अधिकारी नियुक्त किए गए, जोकि अपनी जिम्मेदारी निभाने की बजाय सिर्फ फोटो खिंचवाने एवं किसी भी गंभीर अपराध पर खानापूर्ति करने तक ही सीमित हैं। इन बड़े अधिकारियों की कार्यशैली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ये शहर की रोड के गढ्ढे भरने और पुल की मरम्मत करने का आदेश देते हैं तो वो भी पूरा नहीं होता।जिलाध्यक्ष ने कहा कि, जिला काँग्रेस द्वारा पूर्व में कई बार ज्ञापन के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को ऐसी घटनाओं के संबंध में



चेताया गया, मगर ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारियों के रहते अभी कुछ महीनों पहले ब्यौहारी में रेत माफियाओं द्वारा पटवारी प्रसन्न सिंह की हत्या ट्रैक्टर से कुचल कर दी गई थी, अभी कुछ दिनों पहले ही खनिज अमले पर हमला किया गया और अब एएसआई की हत्या की गई न जाने आगे और कितने मासूमों को अपनी जान से हाँथ धोना पड़ेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता पूरी तरह से रेत चोरी में लिप्त हैं और रेत माफियाओं को इनके द्वारा संरक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर इस मामले की शीघ्र जांच कर माफियाओं पर कठोर कार्रवाई नहीं की जाती तो जिला काँग्रेस द्वारा पूरे जिले में एकसाथ उग्र आन्दोलन किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।

### शिक्षक अपने धर्म का पालन करें : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद ने संभाग के सभी शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि सभी शिक्षक अपने धर्म का पालन करें। कमिश्नर ने कहा कि शिक्षक का धर्म छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना है, छात्रों का मार्गदर्शन करना है और छात्रों को आगे बढ़ाना है। उन्होनें कहा कि शिक्षक बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैया कराएं। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में आज से शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए दो दिवसीय उन्मेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इस दो दिवसीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षण कार्य के प्रति शिक्षकों को जागरूक करना है। उन्होनें कहा है कि उन्मेश



कार्यक्रम के अंतर्गत संभाग के लगभग 12 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका लाभ संभाग के छात्रों को होगा। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी शिक्षक उन्मेश कार्यक्रम के अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण को अति गंभीरता से लें तथा प्रशिक्षण लेकर छात्र-छात्राओं को उच्च गुणवत्ता के साथ शिक्षा दें। कमिश्नर बी.एस. जामोद सोमवार को आवासीय कन्या परिसर कंचनपुर में संभाग के शिक्षकों के लिए आयोजित उन्मेश कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय उन्मेश समारोह का शुभारंभ कमिश्नर बी.एस. जामोद, अपर संचालक लोक शिक्षण सहदेव सिंह मरावी, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों का स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के पालकों से जीवन्त सम्पर्क होना चाहिए। उन्होनें कहा कि शिक्षको के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती ग्रामीण क्षेत्रों के और दूर-दराज के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करना है तथा उन्हें स्कूल में प्रवेश दिलाकर उन्हें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना है। इस कार्य को करने के लिए शिक्षकों में संवेदन शीलता और हमदर्दी का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाने का कार्य एक पवित्र कार्य है, एक समाज सेवा का कार्य है। इस पवित्र कार्य में सभी शिक्षक अपनी भागीदारी निभाना सुनिश्चित करें।

# पंचायत के बजट में वर्षों से लूट खसोट कर रहे मामा-भांजा

### लागत से अधिक राशि का आहरण, नहीं होती जांच पड़ताल

**शहडोल।** ग्रामपंचायत चुनिया (सेंदुरी) वर्षों से भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ है। यहां वर्षों से उपसरपंच हीरामणि पटेल और उसका भांजा सचिव बुल्ला पटेल, चंद अधिकारियों की मु_ी गर्म कर अंधेर मचा रहे है। इनके द्वारा योजनाओं का शासकीय बजट मनमाने ढंग से आहरित किया जा रहा है और उसकी बंदरबांट की जा रही है। ग्राम पंचायत की रकम के बूते आज मामा, भांजा दोनो ही मोटे असामी बन चुके हैं। हीरामणि पटेल स्वयं को कांग्रेस का नेता भी बताता है और अपना दबाव बनाने का प्रयास करता है। उपसरपंच व सचिव की करतूतों का खुलासा करते हुए कुबेर सिंह नामक ग्रामीण ने कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### लागत से ज्यादा निकाला पैसा

शिकायत में बताया गया कि ग्रामपंचायत के लिए महात्मागांधी ग्राम राजस्व एवं विकास योजना के तहत कई निर्माण किए जाने थे और इसके लिए बजट भी दिया गया था। मामा भांजा ने इस बजट पर जमकर पंजा मारा।



कन्वर्ट पुलिया निर्माण की लागत 4 लाख 7 हजार थी, इसके निर्माण के नाम पर 4 लाख 86 हजार का आहरण किया गया। एक अन्य पुलिया निर्माण की लागत 5 लाख थी लेकिन इसके विरुद्ध राशि निकाली गई 6 लाख 79 हजार रुपए, कठौतिया कन्वर्ट पुलिया की लागत थी 5 लाख रुपए जबकि इसके विरुद्ध राशि का आहरण हुआ 7 लाख 45 हजार रुपए, एक अन्य कन्वर्ट पुलिया निर्माण की लागत भी 5 लाख थी जबकि इसके विरुद्ध 6 लाख 38 हजार रुपए निकाली गई। 14 वें वित्त से चुनिया में एक हैण्डपंप का उत्खनन कराया गया था जिसकी लागत थी 1 लाख 9 हजार जबकि आहरण हुआ 2 लाख 16 हजार रुपए का। नाली निर्माण हेतु 2 लाख 50 हजार रुपए की राशि दी गई थी यह राशि भी निकाल ली गई, लेकिन निर्माण कार्य कहीं नहीं हुआ।

### 5 वर्षों में लाखों का गोल माल

निर्माण कार्यों में लागत से अधिक राशियों के आहरण का सारी धांधली वर्ष 2016 से लेकर सन 21-22 तक के अंतराल में की गई। इस दौरान मामा भांजा ने मिलकर ग्रामपंचायत के बजट की लूट खसोट कर अपना घर भर लिया, जबकि कहीं संतोषप्रद काम भी नहीं कराए गए। यह तो केवल कुछ वर्षों का काम है हीरामणि पटेल तो पिछले कुछ दशकों से यहां सक्रिय हैं और उनका एक सूत्रीय यही धंधा रहा है। इनके संपत्ति की जांच की जाए तो सारा खुलासा हो सकता है। ज्ञातव्य है कि राजनीति और नेतागिरी की धौंस देकर श्री पटेल अपना दबाव बनाने का प्रयास करते हैं।

### कहां गई नोटिस ?

जानकारी मिली है कि नाली निर्माण का जो सारा बजट उड़ा दिया गया उसकी शिकायत होने पर इनके विरुद्ध नोटिस जारी की गई थी, लेकिन आज तक किसी को नोटिस की जानकारी नहीं मिली। श्रीपटेल ने जिलापंचायत में संबंधित अमले को मोटी रकम देकर यह नोटिस दबा दी गई है। इनके साथ एक ग्रामीण गुजरतिया बैगा भी चर्चा में रहता है। इनकी धांधली में यह भी शामिल रहता है। शिकायत में मांग की गई कि सारे आहरण की जांच करते हुए मामा भाजा व गुजरतिया के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराया जाए और अनुचित रूप से निकाली गई राशि की इनसे भरपाई कराई जाए।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये अधिकारी शिकायतकर्ता से स्वयं करें बात : कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर ने निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व अधिकारी सम्पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग मे सबसे ज्यादा प्रकरण लंबित हैं, इन प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व अधिकारियों को सम्पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होनें कहा कि राजस्व संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रहे इसके लिए अधिकारी स्वयंए एवं मैदानी कर्मचारियों को साथ लेकर कार्य करें साथ ही अधिकारी प्रकरण के निराकरण हेतु स्वयं शिकायत कर्ता से बात करें एवं पूर्ण सहमति के साथ प्रकरण का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर तरूण भटनागर सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर श्री भटनागर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन, बंटवारा, नक्सा तरमीम एवं नामान्तरण आदि से संबंधित लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम लोगों की शिकायतों का निराकरण कराना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, उन्होनें समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को कहा कि आप सभी अपने.अपने विभागों में लंबित शिकायतों का निराकरण कराना पहली प्रथमिकता समझें साथ ही शिकायतों का निराकरण करने हेतु निर्देश भी दिए। उन्होनें निर्देश दिए कि अधिकारी प्रकरण




**समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न, कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश**

का निराकरण कर फाईल नस्ती कर अगली बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने लोक सेवा गारण्टी अधिनियम में प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की एवं शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए गेहूं उपार्जन एवं भुगतान की जानकारी ली। जिस पर खाद्य विभाग के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा है, साथ ही राशि भुगतान प्रक्रिया का भी कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि गेहुं उपार्जन के समय किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होनें निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन के बाद राशि भुगतान की प्रक्रिया लंबित न हो, इस पर विशेष ध्यान रखें। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए जिन छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है, किन कारण से छात्रवृत्ति का भुगतान नही हो पा रहा है, इसकी जांच कराएं एवं छात्रवृत्ति का भुगतान हेतु कार्यवाही करें, साथ ही निर्देश दिए कि छात्रवृत्ति का भुगतान समय-सीमा में हो यह सुनिश्चित करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन विभागए श्रम विभाग कृषि विभाग, जनजातीय विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, श्रीमती प्रगति वर्मा, नरेन्द्र सिंह धुर्वे, श्रीमती ज्योति परस्ते, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एन्टोनियो एक्का, भागीरथी लहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम जी स्वामी की 10 को निकाली जायेगी शोभायात्रा


**शहडोल।** सर्व ब्राम्हण समाज मंडल खंन्नौधी के सह सचिव अवध नरेश रिंकू चतुर्वेदी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 मई को वैशाख मास के शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि (अक्षय तृतीया) को दोपहर 02 बजे बूढ़ी माता मंदिर बस्ती (खन्नौधी) से भगवान परशुराम जी स्वामी के जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए हनुमनहा तालाब हनुमान मंदिर खन्नौधी में सम्पन्न होने के उपरांत वहीं भंडारे का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में ब्राम्हण समाज के लोगों से अपील की गई है कि कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनायें।



### चंदनिया खुर्द में 100 प्रतिशत मतदान होने पर अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित



**शहडोल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के सोहागपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चंदनिया खुर्द में 100 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुआ है। 100 प्रतिशत मतदान सम्पन्न कराने पर चंदनिया खुर्द के बूथ अवेयरनेस गुरप को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती ममता मिश्रा, सचिव ग्राम पंचायत चंदनिया खुर्द अमोल सिंह, ग्राम रोजगार सहायक रवि पाण्डेय, बीएलओ भगवान दास साहू, आंगनबाडी कार्यकर्ता शशिकला रजक, आशा कार्यकर्ता बबली पटेल को प्रशस्ति प्रत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही निर्वाचन कार्य के प्रति लगन एवं मेहनत की सराहना भी की गई।

**खबर संक्षेप**

## श्रमिक कॉलोनी की सफाई की जाए अन्यथा होगा वृहद आंदोलन : श्रीकांत शुक्ला



**जमुना/बदरा।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी इसईसीएल जिसे की मिनी रत्न और महारत्न का दर्जा प्राप्त है जोकि श्रम वीरों के दम पर कोयला उत्पादन का नया-नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। एसईसीएल के अंतर्गत संचालित जमुना कोतमा क्षेत्र कोयला खदान के श्रमिक कॉलोनीयों की महीनो से सफाई नहीं हो रही है और कालरी श्रमवीर गंदगी के बीच जीने को मजबूर है उक्त सारी समस्याओं को लेकर हिंद कोयला मजदूर सभा एसएमएस के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए बताया कि विगत कई हफ्तों/महीनों से देखा जा रहा है कि जमुना कोतमा क्षेत्र की किसी भी टाउन शिप में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, कचरे के ढेर बढ़ते जा रहे हैं,जिस कारण श्रमिकों के घरों में कीड़े मकोड़ों का आगमन हो रहा है एवम् बीमारियां दस्तक देने लगी हैं। मेरा प्रबंधन से अनुरोध है कि इस पर पूरी जिम्मेदारी से कार्यवाही करें अन्यथा संघ आंदोलन/धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

## पुलिस की मार से निराश नाबालिग ने लगाई फांसी, मौत

**कोतमा।** थांना अंतर्गत सिलपुर गांव में 15 वर्षिय नाबालिक ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। आत्महत्या का कारण परिवारजनों ने बताया कि 100 डायल में गांव आई हुई पुलिस द्वारा म्रतक है पी प्रजापति पिता माखन प्रजापति को मोबाइल से वीडियो बनने से मना करने और मोबाइल छीन लेने वा पुलिस द्वारा नाबालिक को मारने के कारण म्रतक नाबालिक निराश होगया पुलिस की मार के कारण मृतक नाबालिक विक्षिप्त व ग्लानि से घर मे आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां बच्चे को मृतक घोषित किया गया है। परिजनों ने पुलिस के द्वारा नाबालिक से मारपीट को नाबालिग की आत्महत्या कारण बताया है और मौके में ड्यूटी में पदस्थ पुलिसकर्मी पर कार्यवाही की मांग की गई है। अनूपपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे मामले में मजिस्ट्रेटरियल जांच बैठाने एवं कार्यवाही करने की बात कही है।

## नव विवाहिता ने लगाई फांसी

**भालूमाड़ा।** भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम चोंडी में एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका राधिका केवट पति जमुना केवट का विवाह लगभग 1 वर्ष पूर्व समीप ही ग्राम प्यारी में हुआ था। बताया गया की 5 तारीख की रात घर के सभी लोग खाना पीना खाकर सोने चले गए महिला भी अपने घर के कमरे में अंदर से दरवाजा बंद करके चली गई उसका पति भी रात में दरवाजा खुलवाने चाहा लेकिन नहीं खुला तो उसने सोचा कि सो गई होगी तो वह दूसरे कमरे में जाकर सो गया सुबह जब घर के लोग उठे तब तक बहू का दरवाजा बंद रहा तब लोगों ने जाकर देखा तो वह पंखे में साड़ी के फंदे से झूलती नजर आई इस बात की जानकारी गांव में और मायके पक्ष को दे गई थाने में सूचना दी गई जिस पर भालू माडा पुलिस के साथ-साथ कोतमा तहसीलदार घटना स्थल पर पहुंचकर शव पंचनामा करते हुए मामले को जांच में लिया है वही लड़की के घर वालों ने कई तरह के गंभीर आरोप भी लड़के पक्ष पर लगाए हैं जो जांच का विषय है।

---

रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई, 2 पोकलेन, 24 हाइवा, 4 डग्गियां जप्त

# एएसआई की हत्या के मुख्य आरोपी पकड़ाए, थाना प्रभारी लाइन अटैच





**शहडोल।** ब्यौहारी थाने में पदस्थ एएसआई महेन्द्र सिंह वागरी की हत्या के मामले में पुलिस ने जहां मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है वहीं घटना के प्रमुख जिम्मेदारों के जिला बदर की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है और थाना प्रभारी श्री रहंगडाले को लाइन अटैच कर दिया गया है। इसके अलावा जमकर रेत के वाहनों की धरपकड़ भी की गई और पुलिस ने 2 पोकलेन मशीन सहित 24 हाइवा व 4 डगियां वाहन पक ड़े हैं। पुलिस युद्ध स्तर पर सक्रिय दिखाई पड़ती है लेकिन इसके लिए एक पुलिस कर्मचारी को अपनी बलि देनी पड़ी। माना जा सकता है कि माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक एएसआई को अपने जान की कीमत चुकानी पड़ी। यह पूरा मामला इसलिए इतना दुस्साहसी और आपराधिक बन गया क्योंकि इसे खनिज विभाग की शह मिली हुई थी। खनिज विभाग की शह से ठेका कंपनी स्थानीय माफियाओं से हाथ मिलाकर कई गुना ज्यादा व्यापार कर रही थी और खनिज अधिकारी व स्टाफ के लोग जमकर अपनी तिजोरियां भर रहे थे। ज्ञातव्य है कि 4 मई 2024 को चालक विजय उर्फ राज रावत द्वारा जानबूझकर सउनि महेन्द्र बागरी के ऊपर ट्रेक्टर चढ़ाकर उनकी हत्या कर दी गई थी।

### गिरफ्तारी के साथ कार्रवाइयां भी

एएसआई की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी ट्रेक्टर चालक विजय उर्फ राज रावत, पायलेटिंग करते आशुतोष सिंह एवं वाहन मालिक सुरेन्द्र सिंह बघेल के विरूद्ध धारा 302, 379, 414, 34 भादवि एवं धारा 4/ 21 खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। घटना के कुछ समय के भीतर ही प्रकरण के मुख्य आरोपी विजय रावत एवं आशुतोष सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था। घटना में प्रयुक्त ट्रेक्टर का फरार मालिक आरोपी सुरेन्द्र सिंह को देर रात शहडोल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपी अषुतोष सिंह उर्फ छोटू पिता सुरेन्द्र सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम जमोडी एवं सुरेन्द्र सिंह बघेल निवासी ग्राम जमोडी का जिला बदर हेतु प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत किया गया है।

सम्पूर्ण घटना को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी ब्यौहारी निरीक्षक मुन्नालाल रहंगडाले को तत्काल प्रभाव से लाईन अटैच किया गया है।

### वाहनों पर हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई

अवैध रेत उत्खनन के विरूद्ध पुलिस एवं प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की इस दौरान थाना ब्योहारी अंतर्गत 02 पोकलेन और 23 हाईवा जप्त किए गए। थाना जैतपुर अंतर्गत 1 हाईवा 4 डग्गी पर कार्यवाही की गई। यह कार्रवाई सोन नदी के पौड़ीकलां घाट में अवैध रेत उत्खनन के कार्य के दौरान की गई यहां से उक्त 2 पोकलेन मशीन जप्त की गई हैं। इसी प्रकार बोड्डिहा घाट से अवैध रूप से ओव्हर लोड कर 23 हाईवा को पसगढ़ी रोड पर जप्त किया गया है। इसी प्रकार जैतपुर थाना अंतर्गत लुकामपुर घाट पर अवैध रेत के परिवहन में संलिप्त 1 हाईवा और 4 डग्गी पकड़ाई। जिसके विरूद्ध कार्यवाही कर 83,000 रूपये चालानी कार्यवाही की गई हैं। अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाहियां जारी हैं। उक्त कार्यवाही में पुलिस, माईनिंग विभाग एवं प्रशासन की टीमें शामिल रहीं। इन मामलों में भी खनिज विभाग की गाइडलाइन का पालन किए बिना मनमानी ढंग से चालानी की कार्रवाई कर दी गई है।

### स्टाफ से उलझने वाले भी पकड़ाए

शहडोल पुलिस द्वारा थाना पपौंध अंतर्गत खनिज अमले से विवाद के प्रकरण में दो आरोपियो को किया गिरफ्तार किया गया। दिनांक 2 मई को प्रभात कुमार पट्टा पिता फागूलाल पट्टा ने खनिज निरीक्षक खनिज कार्यालय शहडोल को रपोर्ट दर्ज कराई गई कि पपौंध अंतर्गत ग्राम दुअरा सिद्ध बाबा मंदिर के पास रेल्वे अंडर ब्रिज मेन रोड के पास एक ट्रेक्टर बिना नंबर में रेत लोड किया गया। वाहन चालक द्वारा रेत की टीपी के संबंध कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया था। विधि मान्य दस्तावेजो के आभाव में रेत लोड सुदा ट्रेक्टर ट्राली को थाना लेकर जा रहे थी जिस दौरान आशुतोष तिवारी निवासी निपनिया के द्वारा ट्रेक्टर को जबरदस्ती करते हुए अपने साथ ले गया। पुलिस द्वारा तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पपौंध में धारा 353ए, 186ए, 379ए, 414 ताहि एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने बंद कराई दो गोफ

बुढ़ार पुलिस को सूचना मिली थी कि छांटा एवं चंगेरा में कोयले की चोरी करने के लिये अवैध सुरंग एवं गोफ बनाये गए हैं। जिससे आमजन की जान.माल की खतरे की आशंका है। बुढ़ार पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए उक्त गोफ को जेसीबी मशीन की सहायता से बंद कराया गया। पूर्व में भी बुढ़ार पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत कई गोफ को बंद कराया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बुढ़ार पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

## शहडोल में 19 को होगा, विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन

**शहडोल।** विंध्य की लोक संस्कृति एवं पीढ़ी दर पीढ़ी से चली आ रही लोक परामपरा के विस्तार एवं स्थानीय लोक कलाकारों को पहचान दिलाने के लिए उत्थान सामाजिक, संस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति मप्र के द्वारा 13 मई से 10 जून तक विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रत्येक जिलों में किया जा रहा है। जिसमें देश की सबसे छोटी राष्ट्रीय लोक गायिका विंध्य की बेटी मान्या पाण्डेय के साथ लोक गायक नरेन्द्रबहादूर सिंह, कपिल तिवारी, हरिश्चंद्र मिश्रा, भजन गायक बाल कलाकार प्रत्यूश द्विवेदी, शुभी सिंह, श्रृती सिंह, रावेन्द्र तिवारी, कर्णबीर सिंह तोमर, पवन शुक्ला सहित विंध्य के लोक कलाकरों के द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।



**20 को अनूपपुर एवं 22 को उमरिया में आयोजित होगा कार्यक्रम**

इस संबंध में जानकारी देते हुये उत्थान सामाजिक, संस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति मप्र के अध्यक्ष हरिश्चंद्र मिश्रा ने बताया कि हमारी समिति विंध्य की लोक कला एवं लोक परामपरा के विस्तार के लिए विगत 12 वर्षों से काम कर रही है और प्रति वर्ष विभिन्न महोत्सवों के द्वारा स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करती है और पुराने लोक कलाकारों का सम्म्मान करती है। जिससे वर्षो पुरानी हमारी संस्कृति और हमारे लोक गीत आगे बढ़ते रहें। विंध्य लोक रंग महोत्सव के संयोजक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन विंध्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय में किया जा रहा है। जिसका 13 मई को विधि मैरिज गार्डन रामनगर, जिला मैहर से किया जायेगा। उसके बाद 14 मई मैहर इन होटल, विंध्य की धार्मिक नगरी मां शारदा की भूमि मैहर में आयोजित होगा। 16 मई को श्री शाइन मैरिज गार्ड सिंधु स्कूल के बगल में सतना, 19 मई को मानस भवन, नगर पालिका के सामने शहडोल, 20 मई को मैरिज गार्डन अनुपपुर, 22 मई को सामुदायिक भवन स्टेडियम के समाने अमारियां, 25 मई को मंगल पैलेस बिलौजी सिंगरौली, 27 मई सात फेरे मैरिज गार्डन मउगंज, 30 मई को हनुमान मंदिर परिसर कपुरी कोठार सीधी एवं महोत्सव का समापन 10 जून को राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में किया जायेगा। नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि विंध्य महोत्सव का आयोजन विंध्य के हर जिलों में जन सहयोग से किया जा रहा है। सभी जिलों के लोग देश की देश की सबसे छोटी राष्ट्रीय लोक गायिका विंध्य की बेटी मान्या पाण्डेय के लोक गीतों को सुनने के लिए काफी उत्साहित है और लोग उत्साह के साथ विंध्य महोत्सव में अपना सहयोग प्रदान कर रहे है।

## अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर संयुक्त कार्यवाही में 5 वाहन जप्त



**उमरिया।** जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में कमिश्नर बी.एस. जामोद के निर्देशन में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू एवं उपसंचालक खनिज फरहत जहाँ के मार्गदर्शन में खनिज एवं पुलिस अमले में खनिज विभाग में पदस्थ सहायक खनिज अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी एवं अमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी विजय सेन के संयुक्त निरीक्षण में मुड़गुड़ी, पडवार की सीमा पर स्थित भदार नदी में खनिज रेत के अवैध उत्खनन में 3 ट्रैक्टर ट्रालियों को जप्त किया जाकर पुलिस चौकी अमरपुर में शासकीय सुपुर्दगी में रखवाया गया है । वाहनों में ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 21 एए 7025 मय ट्राली, चेचिस क्र. डब्ल्यूजेडटीजी 25419157352 मय ट्राली, एमबीएनजी एए वीकेएमआरए 01171 मय ट्राली शामिल हैं। साथ ही पिपरिया-लालपुर से खनिज रेत के अवैध परिवहन में जप्त किये गए 2 ट्रैक्टर ट्राली जिनके नंबर एमपी 54 ए 7922 , एमपी 54 एए 1406 हैं को पुलिस थाना कोतवाली में शासकीय सुपुर्दगी में रखवाया गया है। पाँचों वाहनों के प्रकरण तैयार कर म.प्र. खनिज अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण नियम 2022 में निहित प्रावधानों के अनुसार अर्थदंड की कर्यवाही हेतु कलेक्टर न्यायलय में प्रस्तुत किये जा रहे हैं । टी.आर नाग अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग पाली एवं सुश्री फरहत जहां उप संचालक (खनिज प्रशासन) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घुनघुटी भूपेंद्र पंत, एन. एस. आरमो, प्रभारी खनि निरीक्षक उमरिया के द्वारा कार्यवाही में खनिज और पुलिस विभाग द्वारा ग्राम ओदरी स्थित मुड़ना नदी के किनारे खनिज कोयले के अवैध उत्खनन से निर्मित हुए गड्ढों को कोई जीव मौजूद तो नहीं है सुनिश्चित कर 2 जेसीबी मशीनो से गड्ढों में मिट्टी-मलवा से भराई करवाया गई है ।

---

## नक्शा, तरमीम सहित किसानों की ई केवायसी कराने के लिए अभियान चलाएं : कलेक्टर



**उमरिया।** राजस्व अधिकारी नक्शा, तरमीम , नक्षा सुधार, किसानों की ई केवायसी कराने के लिए अभियान चलाएं। साथ ही जिले में सीमांकन का अभियान चलाएं। वर्तमान समय सीमांकन के लिए सबसे उपुर्यक्त है। यह निर्देश कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना अनुमति या बिना डायवर्सन के व्यवसायिक परिसर बनाने वाले लोगो से वसूली की कार्यवाही की जाए तथा अवैध कालोनियों को चिन्हित कर उन पर भी कार्यवाही की जाए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निर्वहन अनिवार्य रूप से समय सीमा में करने के निर्देश दिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरूध्द पेनाल्टी लगाने की चेतावनी भी दी । कलेक्टर ने कहा कि नामांतरण, बंटवारा के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। राजस्व न्यायालयों के सभी प्रकरण, आरसीएमएस में पंजीकृत तथा आनलाईन होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि जिले में बैगा जन जाति के परिवारों के जाति प्रमाण पत्र तैयार करने हेतु तथा आयुष्मा न कार्ड बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी राजस्व अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता के साथ संपादित करें। सीएम हेल्पवलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाए। प्राकृतिक आपदा में राहत राशि तथा सडक दुर्घटना में घायल या मृतक के परिवार जनों को दी जाने वाली राहत राशि का वितरण समय पर किया जाए। कलेक्टर ने जिले मे खनिज के अवैध परिवहन एवं उत्खनन के लिए अभियान के तौर पर कार्यवाही के निर्देश राजस्वथ अधिकारियों को दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे ।

### तहसीलदार जयसिंहनगर को कमिश्नर ने किया निलंबित

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद ने म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) (क) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दीपेन्द्र तिवारी, प्रभारी तहसीलदार, तहसील जयसिंहनगर जिला शहडोल (म.प्र.) को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि में श्री तिवारी का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर, जिला शहडोल नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। जारी आदेश में कहा गया है कि तहसील कार्यालय जयसिंहनगर, जिला शहडोल के निरीक्षण दौरान पाया गया कि न्यायालयीन (नामांतरण/ बटवारा/ सीमांकन / बेदखली) इत्यादि से संबंधित प्रकरण दायरा पंजी में दर्ज नही थे। वक्त निरीक्षण तहसीलदार द्वारा लगभग 300 प्रकरण पंजी में दर्ज नही होना स्वीकार किया गया। प्रकरणों के अवलोकन में वर्ष 2021-23 तक के काफी प्रकरण प्रचलनशील होने के बावजूद एक वर्ष से अधिक का समय व्यतीत होने पर भी प्रकरणों में सुनवाई नही की गई है, साथ ही विभिन्न मदों के सैकडों राजस्व प्रकरणों को न तो दायरा पंजी में तथा न ही आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज किया गया है। कार्यालय में महत्वपूर्ण अभिलेखों को सुव्यवस्थित न रखते हुए अस्त-व्यस्त रखा गया है।

## समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थी विभिन्न खेलों मे दिखा रहे अपनी प्रतिभा का जौहर



**उमरिया।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्कूली विद्यार्थियों को सकारात्मक गतिविधियों से जोडकर शारीरिक एवं मानसिक क्षमता के विकास के लिए राज्य शासन द्वारा समर कैंप के माध्यम से उनकी अभिरूचि के अनुसार विभिन्न खेल , चित्रकला, पेंटिंग आदि की गतिविधियों से जोड़कर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य शुरू किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा समर कैंप जिले के विभिन्न शालाओ मे आयोजित कराकर ग्रामीण प्रतिभा को भी आगें आने का अवसर प्रदान किया गया है। शासकीय उमावि कौडिया, शासकीय बालक उमावि कालरी उमरिया, बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदिया स्टेडियम, शासकीय उमावि कौडिया खेल प्रांगण, शासकीय उमावि करकेली खेल प्रांगण, रामलीला मैदान नौरोजाबाद, शासकीय उमावि घुलघुली खेल प्रांगण, शासकीय उमावि अमरपुर खेल प्रांगण, नगर परिषद मानपुर स्टेडियम ग्राउण्ड, शासकीय उमावि बल्हौड खेल प्रांगण, कन्या शिक्षा परिसर पाली खेल प्रांगण, शासकीय उमावि विद्यालय बिलासपुर का खेल प्रांगण गतिविधिया आयोजित की गई । समर कैम्प में बॉलीबाल , हैंडबॉल, हॉकी, क्रिकेट,कबड्डी, फुटबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स कराते, सायं कालीन विधाएं वादन, गायन, नृत्य चित्र कला, कूल डाउन एक्सरसाइज, बैटमिंटन का प्रषिक्षण दिया जा रहा है ।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में 2 हजार स्कूली बच्चों को इस प्रषिक्षण का लाभ मिल रहा है। प्रशिक्षण में खेल सामग्री, नाश्ता, पेयजल, चिकित्सा तथा निषुल्क प्रषिक्षण की व्यवस्था भी की जा रही है। समर कैंप का आयोजन जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जन जातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे है। जिसमें विभिन्न खेल संगठनों तथा खिलाड़ियो, कोच का भी सहयोग लिया गया है। जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम में हाकी, हैण्डबाल, कराते तथा क्रिकेट का 400 स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसकी नियमित मानीटरिंग की जवाबदारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी युवा कल्याण अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अखिलेष पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्रं सिह गौर तथा व्यायाम शिक्षकों को सौंपी गई है।

---

### मोटरयान क्षतिपूर्ति दावा अधिकरण की प्री सिटिंग का हुआ समापन



**उमरिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण न्यू दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं एम. एस. तोमर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सहायता प्राधिकरण उमरिया की मार्गदर्शन में, नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत मोटरयान क्षतिपूर्ति दावा अधिकरण की प्री सिटिंग, माननीय अध्यक्ष के विश्राम कक्ष में की गई। बैठक में जिला न्यायालय के न्यायाधीश सुधीर कुमार चौधरी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, जितेन्द्र कुमार बाजोलिया जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया, प्रमोद सोंधिया प्रबंधक नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, शम्भू लाल खट्टर कंपनी अधिवक्ता, रिजवान अहमद अधिवक्ता, रओंकार नाथ तिवारी, अधिवक्ता, घनशाह यादव, अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे। बैठक में न्यायालय में लंबित मोटर यान क्षति पूर्ति दावा के प्रकरणों को ज्यादा से ज्यादा निराकृत करने हेतु विचार विमर्श किया गया।

# अद्भुत हैं शिवलहरा की अभिलेखित गुफाएं



**भालूमाडा।** अमरकंटक से महज 125 किमी और अनूपपुर जिला मुख्यालय से 50 किमी की दूरी पर दारसागर ग्राम पंचायत के अंतर्गत शिवलहरा नामक स्थल पर शैलोत्कीर्ण गुफा मौजूद है। भालूमाडा से लगभग 3 किमी की दूरी पर केवई नदी के बायें तट पर स्थित चेरी गोदडी, दुर्वासा एवं सीतामढ़ी गुफा में प्रथम शताब्दी ईस्वी की ब्राह्मी लिपि शिलालेख, प्राकृत भाषा में मूल्देव अमात्य के द्वारा लेख उत्कीर्ण है। मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से अमरकंटक को राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन नक्शे पर जोड़ने हेतु विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा। शिवलहरा धाम देश की अमूल्य प्राचीनतम धरोहर होने के साथ साथ स्थानीय आस्था का भी प्रतीक माना जाता रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित इन गुफाओं में रखी मूर्तियों, और इनमे पाए जाने वाले अभिलेखों को देखने दूर दूर से सैलानी यहाँ आते हैं। शिवलहरा की गुफाएँ तथा केवई नदी का तटवर्ती क्षेत्र अत्यंत मनोहारी दृश्य उपस्थित करता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहाँ विशाल मेला लगता है और हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहाँ आते हैं। इसके अलावा भी बड़ी संख्या में पर्यटक तथा आस पास के निवासी आमोद-प्रमोद के लिए यहाँ आते रहते हैं। यह गुफाएँ मध्यप्रदेश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण देश के गुहा वास्तु के विकास को समझने की दृष्टि से विशिष्ट स्थान रखती हैं। इनके बारे में अभी विद्वत जगत को भी अधिक जानकारी नहीं है। गुफाओं की भित्तियों पर ईस्वी सन की आरंभिक शताब्दियों के शिलालेख लिखे होने के कारण यह गुफाएँ और भी महत्वपूर्ण हो गयी हैं जिस वजह से भारतीय पुरालिपि के विकास, प्राकृत भाषा के विकास और अभिलेख शास्त्र के मूलभूत तत्वों को समझने के लिए अनुसंधानकतार्ओं के लिए इन गुफाओं की महत्ता निर्विवाद है। जिला प्रशासन और मध्य प्रदेश टूरिज्म द्वारा पर्यटकों की सुविधा हेतु अथक प्रयास निरंतर किये जा रहे हैं साथ ही स्थानीय जन समुदाय से संवाद कर पर्यटन जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित हुआ बालवाटिका और विद्या प्रवेश

## नवप्रवेशी बच्चों का अभिभावकों की मौजूदगी मे आत्मीय स्वागत






केंद्रीय विद्यालय एस.ई सी .एल में बालवाटिका तीन तथा कक्षा 1 के लिए अभिविन्यास (विद्याप्रवेश) कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 4 मई ,2024 को दिन शनिवार को स्वामी विवेकानंद हॉल में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

धनपुरी।

इस कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों एवम् विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। सर्वप्रथम वीणा की देवी माँ सरस्वती को माल्यार्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात कक्षा चौथी एवम् पाचवीं के विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी अभिभावकों एवम् नन्हें- मुन्ने विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार में स्वागत किया एवं अभिनन्दन किया। उन्होंने अपने अभिविन्यास (विद्याप्रवेश) कार्यक्रम से सम्बंधित विस्तृत जानकारी सभी को दी, उनके द्वारा बालवाटिका तथा कक्षा-1 के सञ्चालन एवं क्रियाकलापों से सम्बंधित जानकारी अभिभावकों के साथ साँझा की। विद्यालय की प्रधानाध्यपिका द्वारा पॉवर पॉइंट एवम् वीडियो के माध्यम से अभिविन्यास (विद्याप्रवेश) कार्यक्रम की विशिष्टता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया ।इसके बाद कक्षा पहली एवं दूसरी की विद्यार्थियों द्वारा भाव नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी । नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया ।कार्ड एवम् गिफ्ट के माध्यम से नवप्रवेशी विद्यार्थियों के विद्यालय के पहले दिन को यादगार बनाया गया। अनके अभिभावकों ने अपने विचार प्रकट किए । प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती सुशीला द्वारा सभी के प्रति आभार प्रकट किया एवं कार्यक्रम का सञ्चालन वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती सरिता सिंह द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 439344 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 6 मई तक 8343 किसानों से 439344 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 105 करोड़ 44 लाख 27 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेंहू का भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 359763 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 29 करोड़ 56 लाख 42 हजार 848 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 14447 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। जिले में सहकारी समितियों के मध्याम से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अधिकतर खरीदी केन्द्र गोदाम स्तर पर बनाये गये हैं। गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 20 मई है।

### कक्षा 6 से 9 तक प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा ।** जनजातीय कार्य विभाग के तहत आदर्श आवासीय विद्यालय (सर्रा) चुरहट जिला सीधी में संचालित है। इसमें कक्षा छठवीं से नौवीं तक की कक्षाओं में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रवेश दिया जा रहा है। इसके लिए अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों के आवेदन पत्र 30 मई तक आमंत्रित किये गये हैं। इसी तरह कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए भी अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों से 31 मई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक आवेदन पत्र के लिये प्रवेश प्रभारी पी.के. दीक्षित (व्याख्याता) 9981530675 एवं 9827258441 (प्राचार्य) के दूरभाष पर संपर्क कर सकते है। विद्यार्थी का एमपीटास में प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य है। विद्यालय में प्रवेश समिति द्वारा महत्वपूर्ण तिथियों व रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। सीबीएसई एवं एमपी बोर्ड द्वारा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी के मेरिट सूची के आधार में विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। एमपी बोर्ड में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र ही पात्र होंगे। प्रवेशित छात्रों को आवास, भोजन, पाठ¬ पुस्तक, गणवेश आदि सभी सुविधाये प्रदान की जावेगी।

### निमार्णाधीन सड़क का किया निरीक्षण


**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नीम चौराहे से सुभाष चौराहे तक बनायी जा रही सड़क का निरीक्षण किया तथा निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करायें। उन्होंने नीम चौराहे में बनाये जा रहे नाला निर्माण कार्य को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिये तथा नगर निगम के अधिकारियों को सीवर लाइन व पेयजल पाइप लाइन का कार्य शीघ्र पूरा कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 15 मई तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा करा लिया जाय।

# धडल्ले से बिक रही है अवैध शराब

बिरसिंहपुर पाली।

उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली में ओवैस सलाम का कारोबार जोरू पर चल रहा है शहर से लेकर गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही है शराब,प्रदेश सरकार लाख ही दावे और वादे कर ले की नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रदेश को नशा मुक्त करेंगे जिसके तहत जिले में जगह-जगह शिविर भी लगाए गए पर जिला को नशा मुक्त करने का संकल्प पूरा हो सका क्या।बता दे जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है ऐसा ही मामला सामने आया है जो की उमरिया जिले का है जिला आबकारी विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों की सांठ गांठ से बिरसिंहपुर पाली, घुनघुटी शाहपुर बड़वाही बघेली चोरी मामन सांस चीन की कटाई बेली करकटी पूरा वरमाला है दो रामपुर बिंझला बरबसपुर आदि सैकड़ो गांव में शहर के आसपास एमपीईवी कॉलोनी पाली प्रोजेक्ट पावर हाउस सुंदर दादर लखनपुर कुरकुचा तिमिनी सेलेकर आसपास के ग्रामों में जगह-जगह अवैध शराब की पैकारी काफी जोरों पर है प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि यह अवैध शराब लाइसेंसी ठेकेदार के द्वारा जगह-जगह बिकवाया जा रहा है जिससे आमजन को नशे की पूरी लत लगती जा रही है और लोगों के घर उजड़ते जा रहे हैं आखिर किसकी मिली भगत के चलते यह अवैध शराब काफी जोरों पर परोसी जा रही है यह एक सवाल खड़ा होता है गौरतलब है कि वही जिम्मेदार अधिकारियों से बात करनी चाही तो उन्होंने मीडिया से दूरियां बनाते नजर आए और आनन फानन में कार्रवाई करने का हवाला दिया।

# नगर के अंदर धूमधाम के साथ मनायी गयी संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती





धनपुरी।

न आज 5 मई 2024 को संत शिरोमणि सेन जी महराज की जयंती सेन समाज धनपुरी द्वारा बडे ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। संत शिरोमणि सेन जी महराजी के इस जयंती अवसर पर सेन महाराज की सुन्दर झांकी बनाकर सेन समाज स्थल छोटी तलैया पंचमुखी हनुमान जी के पास से इमामबाडा होते हुये आजाद चौक पहुंची जहां आतिशबाजी की गयी। यहां पर कुछ समय के लिये जुलूस रूका , जुलूस में सैकडो की संख्या में लोग शामिल थे हर साल की तरह इस साल भी इस जुलूस में लोगो के अंदर उत्साह देखते बन रहा था । तत्पश्चात संत शिरोमणि सेन जी महाराज की झांकी आजाद चौक से पुनः सेन समाज स्थल छोटी तलैया पहुंची जहां पर पूजा अर्चना का दौर शुरू हुआ । लगभग तीन घंटे तक यहां पूजा अर्चना चलती रही समाज के सभी लोग इसमें शामिल हुये ।निकाली गई बाइक रैली -इस वर्ष संत सेन जी महाराज जयंती के अवसर पर बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें नवनिर्मित सेन स्थल से बाइक रैली शुरू की गई जो कि कच्छी मोहल्ला से होते हुये श्रीराधाकृष्ण मंदिर ,चीपहाउस, अमराडंडी, बुढार कालेज से धनपुरी मुख्य चौराहा होते हुये पुनः सेन स्थल पर पहुची । सेन समाज के संरक्षक द्वारा संबोधित करते हुये कहा कि आज समाज में सर्वप्रथम एक साथ मिलकर आगे बढने की आवश्यकता है साथ ही जरूरतमंदो के लिये पूरा सहयोग देना चाहिये जिससे कि हम समस्याओ से मिलकर लड सके। आज नगर के अंदर समाज में जिस तरह से लोगो को जोडने के लिये काम किया जा रहा है इसके लिये वह समिति को बधाई देते है।सेन समाज के वरिष्ठ सदस्यों का कहना है कि समाज को शिक्षा का स्तर बढाना है और हर लोग अच्छी शिक्षा प्राप्त करे जिससे समाज का विकास हो सके। संत सेन जी महाराज के इस जयंती अवसर पर लोग सतना, कटनी, उमरिया, शहडोल से आये अतितियों का भी धनपुरी सेन समाज द्वारा स्वागत , अभिनन्दन किया गया ।

# चाटुकार हो रहे मालामाल, श्रमवीरों को ओटी का अकाल

## उत्पादन बढ़ाने जीएम का प्रयास, अधीनस्थ कर रहे सत्यानाश




धनपुरी।

कोयले से बनने वाली बिजली ऊर्जा का एक मुख्य स्रोत है, आज देश के कोने कोने में बिजली की चकाचौंध देखने को मिल रहा है आगे भी बनी रहेगी इस कोयले की पूर्ति देश के लिए सर्वोपरि है और इसमें एसईसीएल व सोहागपुर कोयलांचल की अहम भूमिका रही है। एसईसीएल सोहागपुर एरिया अंतर्गत रामपुर बटुरा, अमलाई ओसीएम सोहागपुर एरिया की सबसे बड़ी माइंस में शुमार देखा जा रहा है कोयला उत्पादन की भूमिका निभाने वाले माइनिंग स्टाफ ओवर मैंन, माइनिंग सरदार,कोयला डिस्पैच,काटाबाबू, चापलूस बाबू, अधिकारियों जी हजूरी करने वाले ऐसे लोगों को 30-30 घंटे ओटी पाने वाले हो रहे मालामाल और मेहनतकश श्रम वीरों की संडे-ओटी कटौती कर श्रमवीरों से उनका जायज हक छीना जा रहा है।महाप्रबंधक हौसला बढ़ा रहेजहां एक ओर सोहागपुर महाप्रबंधक उत्पादन बढ़ाने के लिए रात-दिन एक कर रहे हैं कर्मचारी ओवरमैन माइनिंग सरदार को एकजुट एवं पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाने में लगे हैं लेकिन अमलाई ओसीएम, रामपुर बटुरा प्रबंधन से मुंह देखी, संडे ओटी की कटौती कर महाप्रबंधक के उत्पादन बढ़ाने के सपने को चूर चूर कर रहे हैं।ये कर रहे सत्यानाश जीएम कोयला उत्पादन से जुड़े, माइनिंग स्टॉप सर्वे विभाग,सेल्स विभाग पूरी मेहनत एवं इमानदारी से कोयला उत्पादन कराने में जुटे हुए हैं लेकिन प्रबंधन में अच्छी तालमेल की कमी के चलते श्रमिकों का विश्वास जीतने में कमजोर साबित हो रहे है। कुछ कमजोर माइनिंग स्टॉप यूनियन का भारी-भरकम पोस्ट लेकर एवं मुफ्त में हाजिरी लगाने लेने वाले माइनिंग स्टाफ को संडे ओटी में प्रबंधन नजरअंदाज कर रहा है और मेहनतकश माइनिंग स्टाफ की उपेक्षा की जा र ही है जिससे श्रमवीरों में रोष व्याप्त है ।मेहनतकशों पर दें ध्यान महाप्रबंधक को कोयला उत्पादन करने वाले श्रमवीरो ओर ध्यान दें उनकी समस्याओं का निराकरण करें जिससे उनके अरमानों पर पानी फेरने वालों को करारा तमाचा लगे और सोहागपुर एरिया को दिया गया टारगेट उत्पादन प्रतिदिन बना रहे ऐसा प्रयास प्रबंधन द्वारा किया जाता है कोयला उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ कोयला ट्रांसपोर्टो को समय पर कोयला उपलब्ध हो चाहिए कि श्रमिकों की सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देते हुए कोयला उत्पादन टारगेट को बनाए रखने के लिए कोयला उत्पादन से जुड़े अधिकारी कर्मचारी अन्य श्रमिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कोयला उत्पादन जुडे कर्मी जी तोड़ मेहनत करने में लगे हुए हैं जिससे देश में कोयले की कमी व पूर्ति करने अपनी सहभागिता निभा सकें।

# नाबालिग रेप हत्या प्रकरण में परिजनों ने जवा चौराहे में किया चक्काजाम

**रीवा ।** जिले के जवा थाना अंतर्गत 9 वर्षीय नाबालिग के रेप हत्याकांड मामले में परिजनों ने सोमवार को एक बार फिर जवा चौराहे में चक्का जाम कर दिया है। जहां परिजन इस बात पर अड़े हुए हैं कि मौके पर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल और रीवा कलेक्टर को बुलाया जाए। उनके आने के बाद ही धरना समाप्त होगा। पीडित परिवार के लोगो का आरोप है कि, घटना के 12 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अपराधी तक नहीं पहुंच पाई । वही कोई भी शासन प्रशासन का ज़िम्मेदार अधिकारी द्वारा पीड़ित परिवार को सांत्वना देने उसके घर तक नहीं पहुंचे । चक्काजाम के दौरान पीड़ित के परिवारजनों की प्रशासन पांच मांगे की जिसमें आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की जाए जिसके बाद आरोपी के घर में



बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की जाए पीड़ित का परिवार भूमिहीन है जिसके कारण शासन द्वारा 5 एकड़ जमीन दी जाए 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। वही पीड़ित के परिवार जनों में से किसी एक व्यक्ति को शासकीय नौकरी दी जाए। कई घंटे तक लगातार चक्का जाम जारी रहा। मौके पर जावा एसडीएम पियूष भट्ट शहीद कई थानों की पुलिस व एसडीओपी मौजूद रहे । लगातार समझाइश के बाद मौके पर मौजूद एसडीम पियूष भट्ट द्वारा पीड़ित परिवार जनों की मांगों को ऊपर तक बात करने व उचित कार्रवाई करने की आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त हुआ ।

# उपार्जित गेंहू का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**रीवा ।** कलेक्टर कार्यालय आयोजित बैठक में गेंहू उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा उपार्जित गेंहू का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। गेंहू के गोदाम में पहुंचते ही तत्काल सत्यापन कर बिल जनरेट कर दें। किसानों को 3 दिनों की समय सीमा में भुगतान देना सुनिश्चित करें। अब तक उपार्जित गेंहू में से लगभग 80 प्रतिशत का परिवहन होकर सुरक्षित भण्डारण हो गया है। परिवहन के अनुपात में ही भुगतान करायें। उपार्जन की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी एसडीएम से भी



उपार्जन के संबंध में प्रतिदिन रिपोर्ट लें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि त्योंथर क्षेत्र के कुछ खरीदी केन्द्रों में परिवहन धीमा है इनमें अतिरिक्त वाहन लगाकर उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन करायें। महाप्रबंधक सहकारी बैंक सभी समितियों में पर्याप्त संख्या में मजदूर उपलब्ध कराकर उपार्जित गेंहू की तुलाई तत्काल करायें। अपर कलेक्टर गेंहू के परिवहन की प्रतिदिन समीक्षा करें। परिवहन में लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही करें। कलेक्टर ने मऊगंज जिले के लिए उचित मूल्य दुकानों से वितरण के लिए आवश्यक गेंहू और चावल तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि किसानों को किये जा रहे भुगतान में तेजी आयी है। आगामी दो दिनों में बैगलॉक का पूरा भुगतान हो जायेगा। मऊगंज जिले के लिए गेंहू और चावल का आवंटन जारी किया जा रहा है। बैठक में जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, जिला प्रबंधक वेयरहाउस कमल बागरी, जिला प्रबंधक विपणन संघ शिखा वर्मा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह करने पर होगी सजा और जुर्माना

**रीवा।** बाल विवाह सामाजिक कुरीति के साथ कानूनी रूप से अपराध है। विवाह के लिए कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। इस निर्धारित आयु से कम आयु के कन्या तथा वर का विवाह कानूनन अपराध है। इस तरह का बाल विवाह करने वाले और उसे संपन्न कराने वाले को दो वर्ष तक की सजा तथा एक लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि सभी माता-पिता अपने बेटे और बेटी का विवाह उचित आयु में करें। कम आयु में बेटी शारीरिक और मानसिक रूप से विवाह के योग्य नहीं होती है। बाल विवाह गंभीर सामाजिक कुरीति है। इसे रोकने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। इसके तहत बाल विवाह से पीड़ितों को सुरक्षा और राहत प्रदान करने के साथ-साथ बाल विवाह को प्रोत्साहित करने एवं उसे संपन्न कराने वालों पर कठोर दण्ड का प्रावधान है। जिसमें दो वर्ष की जेल तथा एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आमजनता से अपील करते हुए कहा है कि समाज में अब बाल विवाह की घटनाएं लगभग न के बराबर होती हैं। लेकिन यदि कहीं पर भी बाल विवाह संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है तो आमजन तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा पुलिस थाने को इसकी सूचना दें। विवाह संपन्न कराने वाले धर्मगुरू तथा विवाह से संबंधित व्यवस्थाओं जैसे बारातघर, हलवाई, विवाह घर संचालक, बैण्डबाजे वाले आदि बाल विवाह होने पर तत्काल सूचना दें। बाल विवाह को रोकने के लिए जिले भर में एसडीएम की अध्यक्षता में उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसका प्रभारी सहायक संचालक अनिल जैन को बनाया गया है। उनका मोबाइल नम्बर 9893662009 है। बाल विवाह की शिकायत चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नम्बर 1098 पर भी की जा सकती है।

# पानी का काला कारोबार, फिर भी बढ़ रही डिमांड

**मऊगंज।** जिले के अंतर्गत मऊगंज, खटखरी, हनुमना,पहाड़ी, शाहपुर, देवतालाब,नईगढ़ी में पानी का व्यवसाय फल-फूल रहा है।समय बदला तो व्यवसाय के तौर तरीके भी बदल गए यहाँ तक की कुदरत से मुफ्त मिलने वाला पानी भी प्रोडक्ट बन गया है। नई नई कंपनियों ने अपने ब्रांड बनाए और शुरू हो गया पानी का काला कारोबार उधर मनमानी के साथ में चल रहे अधिकतर प्लांट का पंजीकरण नही है। लिहाजा न टैक्स का भुगतान और न ही पानी की गुणवत्ता की प्राथमिकता जिले में पानी का यह कारोबार सालाना करोड़ों रुपए का कारोबार करता है। कोविड के बाद इसकी डिमांड और बढ़ गई है।अब लोग बाहर का पानी पीने से कतराते है। आमजन भी इसके लिए जेब ढीली कर रहे है। वह भी कोविड के समय के दर से पानी का व्यवसाय करने वाले व्यवसाई बोतल व पाउच के पानी की मांग कर रहे है। जीवन के लिए जरूरी है वह भी पूरी तरह शुद्ध किंतु मौजूदा दौर में शुद्ध पेयजल मिलना किसी चुनौती से कम नही। पानी की इसी उपयोगिता को भांपते हुए लोगो ने इसे कारोबार बना लिया है। अन्य जिलों की तरह नवगठित मऊगंज जिले में भी शहर से लेकर कस्बाई क्षेत्र में पानी का यह कारोबार तेजी से पैर पसार रहा है। जमीनी हकीकत देखी जाए तो कुछ साल पहले तक जहा दो कंपनियों का बोतल बंद पानी बिकता था। वहीं अब बोतल जार में बदल चुकी है। अकेले मऊगंज जिले में दो दर्जन से अधिक फिल्टर प्लांट है। इनका भी इलाका बंटा हुआ है। अपने क्षेत्र के बाद वह व्यापार नहीं करते दैनिक उपयोग के चलते फिल्टर पानी की मांग बढ़ रही है। औसतन एक प्लांट से प्रतिदिन 500 जार आसानी से बिक जाते हैं। यहां तक की अब लोग घरों में भी यह पानी खूब प्रयोग कर रहे हैं।

**जिम्मेदार कर रहे अनदेखी**

### पानी नॉर्मल व्यवसायी बता रहे हैं फिल्टर्ड

फिल्टर पानी का यह व्यापार केवल कमाई तक सीमित रह गया है। कमाई में लगे व्यापारी नॉर्मल पानी को ही जार में भरकर बेच रहे हैं। इतना ही नहीं इसके फिल्टर होने का दावा भी कर रहे हैं। जबकि कई प्लांट ऐसे हैं जहां पर केवल वाटर कूलर लगा हुआ है। फिल्टर यूनिट है ही नहीं लेकिन पानी ठंडा होने के कारण जरूरतमंद इसे फिल्टर मान लेते हैं।

### बिना पंजीकरण के नियम विरुद्ध तरीके से चल रहे प्लांट

जिले में पानी के करीब दो दर्जन प्लांट संचालित हो रहे हैं। लेकिन पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए कभी सरकारी तंत्र सक्रिय नहीं दिखाई दिया ना कोई छापामारी ना कोई जांच पड़ताल इतना ही नहीं कई प्लांट का रजिस्ट्रेशन ना तो खाद्य एवं औषधि विभाग के पास है। और ना ही वाणिज्य का विभाग के पास।

### डिब्बे वाले पानी की मांग

इन पर कार्यवाही की बात करने पर जिम्मेदार ही कह देते हैं की जार वाले पानी के लिए फिलहाल कोई गाइड लाइन अब तक जारी नहीं की गई है। जिसकी वजह से लाइसेंस लिए हैं या नहीं इसकी जांच नहीं की जा सकती हालांकि आने वाले दिनों में जैसे इस पानी की मांग बढ़ रही है इस तरह नियम भी बनाए जाएंगे कि फिलहाल तो लोगों सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### मनाया जाएगा भार्गव भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्योत्सव

**अनूपपुर।** आयोजक विप्र समाज अनूपपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 मई को भार्गव भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। बताया गया की गत दिनों परशुराम जन्म उत्सव के संबंध में समस्त विप्रवरो के द्वारा बैठक मे लिए गए निर्णय के अनुसार सभी विप्र बंधुओ से निवेदन किया गया है कि सपरिवार राजनीति से परे होकर केवल भगवान परशुराम जी के प्राकट्योत्सव को मनाने हेतु अपनी उपस्थिति से सहयोग प्रदान करें तथा भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। भार्गव भगवान श्री परशुराम जी के प्राकट्योत्सव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि 10 मई शुक्रवार को अपरान्ह 03 बजे से वैदिक पूजन अर्चन, अपरान्ह 04 बजे से सुन्दर काण्ड का सस्वर पाठ एवं सायं 06.30 बजे से प्रसाद (भण्डारा) वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजक विप्र समाज अनूपपुर ने सभी विप्र बंधुओ से आयोजित कार्यक्रम कार्यक्रम स्थल शनिधाम चेतननगर अनूपपुर में सहभागिता निभाने की अपील की है।

### रेडक्रास डे पर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर कल

**अनूपपुर।** रेडक्रास दिवस के अवसर पर 8 मई को जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया है कि रक्तदान शिविर 8 मई को प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद के लिए रक्तदान जरूरी है, रक्तदान फायदेमंद है। उन्होंने नागरिकों, युवाओं, व्यापारियों, समाजसेवियों, शासकीय सेवकों, पत्रकारों सहित सभी जिलेवासियों से रक्तदान करने की अपील की है।

### लंबित वन भूमि प्रकरणों की कलेक्टर ने समीक्षा कर निराकरण संबंधी दिए निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने समयावधि पत्रों की बैठक के पश्चात जिले के विभिन्न विकास कार्यों में वन भूमि संबंधी वन विभाग में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग आदि के कार्यों में वन भूमि से संबंधित आपत्ति के निराकरण हेतु अधिकारियों को समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने खण्ड स्तरीय वनाधिकार समितियों की लंबित बैठक को दिशानिर्देशानुसार आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय व वन अधिकारियों को वन भूमि संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु संयुक्त भ्रमण के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विद्युतीकरण कार्य, प्रधानमंत्री सड़क व पीएम जन-मन के वन भूमि संबंधित लंबित सभी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण के निर्देश दिए।

### मेंटेनेंस के कारण 8 एवं 9 मई को 8 फीडरों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया कि संचा./संधा. उप संभाग अनूपपुर अंतर्गत आने वाली समस्त 33 के.व्ही. लाइनों का अति आवश्यक मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य किया जाना है, जिसके कारण उप संभाग अनूपपुर अंतर्गत आने वाले समस्त 33/11 के.व्ही. लाइनों का विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा। उन्होंने बताया है कि 08 मई 2024 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक 11 के.व्ही. कोलमी फीडर, 11 के.व्ही. पिपरिया फीडर, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र वेंकटनगर तथा 11 के.व्ही. मेड़ियारास फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी।

# सट्टा व शराब के काले कारोबार ने पवित्र नगरी में फैलाया जाल

## जगह-जगह चल रहा सट्टे का कारोबार, पवित्र नगरी को कर रहे बदनाम

**अवैध शराब के धंधे ने भी पकड़ा जोर, शराब माफिया की चर्चा चहुंओर**

**पवित्र नगरी की पवित्रता बरकरार रखने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग**

अपनी पवित्रता व सुचिता के लिए विख्यात पवित्र नगरी अमरकंटक इन दिनों कुछ अराजक तत्वों के कारण अपवित्र होते हा रही है जिसमे स्थानीयजनों की प्रभावी भूमिका है जिस कारण जहां एक ओर यहां की पवित्रता की गूंज सुनकर आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों को अजीब लग रहा है वही स्थानीय लोगों मे भी अपवित्रता का जहर फैलाया जा रहा है जिससे हर कोई अचंभित है परंतु स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता या यूं कहें की सांठ गांठ से यहां अवैध कारोबार दिन दूनी रात चौगुनी तरीके फल फूल रहा है जिस पर जिला स्तर से ठोस कार्यवाही की अपेक्षा है।

अनूपपुर।





पवित्र नगरी अमरकंटक में इन दिनों पुराने सटोरिया का पुराना दिन वापस आ गए हैं दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की होने लगी है। पुलिस भी इस आंख मिचैली के खेल में बराबर का साथ दे रही है। पवित्र नगरी अमरकंटक मैकलांचल पर्वतों के बीच बसा दूर दूर तक प्रसिद्ध होने के कारण टूरिस्टों का आना जाना लगा ही रहता है। इन टूरिस्टों में कुछ भक्ति भाव से परिपूर्ण होते हैं तो कुछ रंगीन मिजाजी के लोग भी होते हैं तरह तरह के लोग अपने सपनो को साकार करने मां नर्मदा की आँचल में आते हैं। दुनिया भर के लोग अपनी मन की मुरादों को पाने यहां आते हैं, परन्तु यहां आते ही पता चलता है कि पवित्र नगरी को अपवित्र बनाने में यहां आकर बसे लोगों ने लूट का अड्डा बना रखा है। दूर दूर से आने वाले लोगों को राहत देने की बजाय लूटने खसोटने में लगे रहते हैं।

### सट्टे व शराब जैसे घिनौने कार्य को दिया जा रहा अंजाम

सट्टा व शराब जैसे घिनौना कार्य को करने वाले सटोरिये को ये नही पता कि मां नर्मदा की गोद मे बैठकर गलत करने का परिणाम गलत से भी भयंकर होगा। यहां के भोले भाले लोगों को 1 रुपये का 80 रुपये देने का झांसा देकर खुलेआम लूटने वाले पुराने सटोरिये का तो पांचों उंगली घी में सर कड़ाही में है पर उन गरीबों का हाय कहां जायेगा। दूसरी ओर पवित्र नगरी मे अवैध शराब परोसकर कुछ असामाजिक तत्व अपवित्र करने पर आमादा हैं।

### शह पर चालू हुआ खेल

पुष्पराजगढ़ में बसे सांसद, विधायक, जनपद अध्यक्ष जो अमरकंटक नगरी से कुछ ही दूरी पर हैं जिनका नाम लेकर सट्टा किंग और उसका बड़ा भाई गलियों में चीख चीख कर यह कहते हैं कि बड़े बड़े नेताओं से हमारे पुराने रिश्ते हैं और अगर अमरकंटक में किसी का सट्टा चलेगा तो सिर्फ मेरा इन सट्टा किंग पर पुलिस पूरी तरह मेहरबान है जिससे इनके हौसले इतने बुलन्द हैं वही शराब माफिया भी लगातार लोगों को शराबी बना रहे हैं।

### इस तरह हो रहा कारोबार

पवित्र नगरी अमरकंटक के नगर परिषद के सामने ठेले गुमटियों में खुले आम सट्टा पट्टी काटते नजर आ जाएंगे। सटोरिये सोनमूड़ा, एवं कपिल धारा के ठेले गुमटियों में मंदिर के पीछे और कई जगहों पर खुले आम बिना किसी डर भय के ये सट्टा पट्टी काटते नजर आ जाएंगे। ये सट्टा नामक दीमक धीरे धीरे लोगो को अंदर ही अंदर खोखला करता जा रहा है जबकि जिम्मेदारों का आना जाना लगातार इन्ही रास्तों से होता है किंतु पैसों के चादर के कारण ये सब कहां नजर आता है दूसरी ओर अवैध शराब का धंधा भी यहां लगातार फल फूल रहा है जिसमे कुछ स्थानीयों की बड़ी भूमिका है।

### बेमानी के धंधे में ईमानदारी

आज हर व्यक्ति जहां किसी भी बात पर यकीन करने से पहले सौ बार उसकी जांच परख करने के बाद ही उस पर पैसा लगाना चाहता है, लेकिन सट्टे जैसे बेमानी के धंधे में ईमानदारी सतयुग जैसी देखी जा रही है जहां सट्टा लगने के बाद सटोरियों को उसका पेमेंट मन चाहे रूप में दिया जाता है। यदि ज्यादा रकम हुयी तो सीधे एकाउंट में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसी वजह से लोगों का रूझान इस पर और बढ रहा है।

### मोबाइल से संचालित खेल

पवित्र नगरी मे सट्टे के एक दो नहीं बल्कि दर्जनों अड्डे चल रहे है जहां मोबाइल की सहायता से इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। यह खेल युवाओं का सबसे पसंदीदा खेल बनता जा रहा है जहां बस कुछ ही पल में राजा से रंक और रंक से राजा बनाया जाता है। इस पूरे मामले मे स्थानीय पुलिस की चुप्पी से इनके हौसले और भी बुलंद है।

### नाबालिग भी है शामिल

पल भर में लखपति बनने का सपना लेकर इस खेल में सिर्फ आदतन व्यक्ति ही नहीं बल्कि अब बच्चे भी बल्ले भांज रहे है। भले ही क्रिकेट के मैच में उन्हें जगह न मिलती हो लेकिन यहां तो कोई रोक टोक नहीं है वहीं नाबालिग इस खेल में शामिल होने के लिये कई गलत प्रकार के काम कर के पैसे लगाते है।

### पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

अमरकंटक पुलिस सट्टा व शराब किंग के बारे में जानते हुए भी अभय दान दे रही है अगर पूर्व से ही इन सटोरियो व शराब माफियाओं पर नकेल कसती तो ये लूटने का कारोबार का जन्म ही नही होता। अमरकंटक पुलिस सटोरियों व शराब माफियाओं को सह देकर जिले के ईमानदार पुलिस अधीक्षक की छवि को भी धूमिल करने मे लगा हुआ है। अमरकंटक के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से सट्टा व अवैध शराब जैसे काले कारोबार से पवित्र नगरी को अपवित्र कर रहे सटोरियों व शराब माफियाओं तथा साथ दे रहे वदीर्धारियों पर भी कड़ी कार्यवाही की मांग की है जिससे पवित्र नगरी की पवित्रता बरकरार रहे।

# रफ्तार का कहर, ट्रक की ठोकर से पुल से नीचे गिरा मोटर सायकिल सवार युवक

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर के जैतहरी मार्ग में साई मंदिर के सामने तिपान पुल पर रविवार की देर रात अनूपपुर से मोटरसाइकिल से महुदा जा रहे दो युवक जैतहरी की ओर से आ रहा अज्ञात हाईवा की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाने बाद बेहतर उपचार हेतु रेफर करने के दौरान ही 24 वर्षीय युवक ने दम तोड़ दिया वहीं दूसरा युवक को चोट आने पर उपचार हेतु अनूपपुर में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जैतहरी थाना क्षेत्र के महुदा गांव के निवासी राजनारायण राठौर के 24 वर्षीय पुत्र राजाराम राठौर अपने रिश्तेदार मनीष राठौर 22 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 65 एमसी 6103 से अपनी भाभी प्रतिभा राठौर को छोड़ने अनूपपुर रेलवे स्टेशन में आने बाद भाभी को ट्रेन में बैठा कर रविवार की रात 10:30 बजे वापस जैतहरी की ओर से महुदा जा रहा था तभी साई मंदिर के सामने तिपान नदी में बने नये पुल में जैतहरी की ओर से तेज गति से आ रहा अज्ञात हाईवा ट्रक ने ठोकर मार दी जिससे राजाराम राठौर के शरीर की विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई,साथी मनीष राठौर को भी चोट आने पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार हेतु लाया गया। जहां ड्यूटी डॉक्टर नितेश वर्मा ने दोनों घायलों का उपचार किया। इस बीच गंभीर रूप से घायल राजाराम को बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किए जाने पर 108 एंबुलेंस से ले जाने की तैयारी करते समय ही राजाराम ने दम तोड़ दिया घटना की जानकारी ड्यूटी डॉक्टर के द्वारा जिला अस्पताल पुलिस चौकी को दिए जाने पर पुलिस एवं अस्पताल प्रबंधक के द्वारा मृतक के शव को पीएम, वार्ड के शव फ्रीजर में सुरक्षित रखाया गया है, दूसरा घायल युवक मनीष राठौर जिला अस्पताल में उपचाररत है। परिजनों ने बताया कि राजाराम राठौर अपने रिश्तेदार मनीष राठौर के साथ अपनी भाभी प्रतिभा राठौर को अजमेर जाने हेतु जहां पर बड़े भाई मुकेश राठौर आर्मी में सेवारत है के पास जाने के लिए मोटरसाइकिल से घर महुदा से अनूपपुर स्टेशन में ट्रेन में बैठाने बाद वापस घर ग्राम महुदा जा रहे थे।



# पुलिस की सक्रियता के बावजूद बेधड़क चल रहा पशु तस्करी का धंधा

## कोरम पूरा करने पुलिस कार्यवाही कर कर्तव्यों से कर रही इतिश्री

कोतमा।

पशु तस्करी हो या फिर वाहनों से वसूली पुलिस डाल-डाल तो तस्कर पात-पात के तर्ज पर अपने कारोबार को बेधड़क संचालित करते रहते हैं। इन दिनों पशु तस्करी करने वाले तस्करों ने फंडा बदल दिया। इसकी पुष्टि भी पुलिस की कार्रवाई से की जा सकती है। 100 से अधिक गोवंश जहां मुक्त कराए जा चुके हैं। पशु तस्करी हो या फिर वाहनों से वसूली। हाइवे हर समय सुर्खियों में रहा है। पुलिस डाल-डाल तो तस्कर पात-पात के तर्ज पर अपने कारोबार को बेधड़क संचालित करते रहते हैं। ऐसा नही है कि क्षेत्र में हो रहे पशु तस्करी की जानकारी पुलिस को ना हो नगर सहित क्षेत्र में पशु तस्करों के ऊपर पुलिस का संरक्षण होने की जन चर्चा जोरों पर चल रही है। क्षेत्र मे पशु तस्करी का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पशु तस्करों ने फंडा ही बदल दिया है। छोटे वाहनों से गोवंश की तस्करी की जा रही है। अभी कुछ दिन पहले अनुपपुर में पिकअप वाहन से ले जाते समय गोवंश पकड़े गए थे। कोतमा थाना क्षेत्र में इन दोनों पशु तस्कर अब ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल के रास्ते जानवरों को ले जाकर इकट्ठा करते हैं और रात के अंधेरे में पिकअप एवं बड़े वाहनों में भरकर मूख जानवरों को छत्तीसगढ़ के रास्ते से अप एवं अन्य जगहों के भूचड खाने में ले जाते हैं। ऐसा नहीं है कि इस बात की जानकारी



कोतमा पुलिस को ना हो लेकिन पुलिस मात्र खानापूर्ति करते हुए अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेती है। पुलिस वाहनों पर मात्र क्रूरता पूर्वक जानवरों को भरकर वहां में ले जाने का मामला बनती है और वह भी चालक के खिलाफ जिससे तस्कर आसानी से बचकर निकल जाते हैं। कोतमा के आसपास चंगेरी बसखली बसखला गढ़ी विचारपुर छुल्हा रेउसा चाका मे मूक जानवरों को इकट्ठा करते हैं और बडे तस्कर भी ग्रामीण क्षेत्रो के तस्करों से साथ गांठ कर जोरों से व्यवसाय कर रहे हैं। जब कभी समाजसेवियों के द्वारा थाने में फोन अवैध रूप से मवेशियों को भरकर ले जाने की सूचना देते हैं तो पुलिस मौके पर पहुंचकर वाहन सहित जानवरों को पदकर थाने ले जाती है और मामूली धाराओं में कार्रवाई कर देती है विगत दिनों पुलिस ने अज्ञात वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया था ऐसा नहीं है कि पुलिस को उसकी जानकारी ना हो लेकिन कहीं ना कहीं पुलिस तस्कर के सांठ गांठ के चर्चे नगर में जोरों में व्याप्त है। विगत दिनों पुलिस ने एक ट्रैक में 22 मवेशियों को भरकर अवैध रूप से ले जाते हुए पकड़ा था जबकि इसकी चर्चा यह है कि रात्रि में समीपी गांव चंगेरी मे पशुओं को इकट्ठा किया गया था। उसके बाद पुलिस की गश्त गाड़ी उसे रास्ते में दो से तीन बार निकली थी साथ ही डायल 100 भी उसे स्थान पर नजर आई थी। कुछ प्रत्यक्षदर्शी वहां पर मौजूद थे जो यह जानकारी दे रहे थे कि पहले डायल 100 वहां उसके बाद पशुओं से भारत ट्रेक फिर पीछे पुलिस अगस्त की गाड़ी और आगे आगे एक मोटर साइकिल और उसके पीछे एक सफेद कर चल रही थी जिसे पुलिस की गस्त वाहन ने चंगेरी तिराहा तक फॉलो किया था उसके बाद मोटर साइकिल सफेद कार एवं पशुओं से भरा वहां महेंद्रगढ़ रास्ते की ओर चला गया था और यह वही वहां है जो रेउसा गांव के पास बिजली का खंबा तोड़ दिया था जिसका पीछा कुछ समाजसेवियों के द्वारा किया जा रहा था और भगाने के चक्कर में वहां बिजली के पोल से टकरा गया जिसकी सूचना कोतमा थाने में दी गई और उसके बाद पुलिस ने पशुओं से भरे वाहन को थाने में ले जाकर खड़ा करवाया था और छोटी-मोटी धाराओं में कार्यवाही करते हुए मवेशियों को मुक्त कर कांजी हाउस के सुपुर्द किया था। ऐसा नहीं है कि पुलिस पास तस्करी करते हुए वाहनों पर कार्रवाई नहीं करती है लेकिन पुख्ता कार्यवाही नहीं होने के कारण पशु तस्करों के हौसले बुलंद है।

## निजी एवं स्कूल बसों के निरीक्षण समेत अनूपपुर सब्जी मण्डी को व्यवस्थित कराने के निर्देश

# समयावधि पत्रों की कलेक्टर ने की समीक्षा

अनूपपुर।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में सभी निजी एवं स्कूली बसों के बीमा, परमिट, फिटनेस इत्यादि की जांच करें। उन्होंने कहा कि जिले में कोई भी बस दुर्घटना घटित ना हो सके, इसके लिए सतर्कता आवश्यक है। कलेक्टर ने वाटरशेड के माध्यम से उद्यानिकी विभाग द्वारा हितग्राहियों को बांटे गए स्प्रिंकल सेट के भौतिक सत्यापन के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि जिले में 275 हितग्राहियों में से 254 हितग्राहियों को स्प्रिंकल सेट का वितरण किया गया है तथा 203 हितग्राहियों के स्प्रिंकल सेट का सत्यापन किया जा चुका है। जिस पर कलेक्टर ने बाकी बचे हुए हितग्राहियों का जल्द से जल्द सत्यापन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वशिष्ठ आज कलेक्ट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक में समयावधि पत्रों की समीक्षा कर रहे थे।



### खाद्यान्न वितरण की भी हुई समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने खाद्यान्न वितरण एवं पात्रता पर्ची में नाम जोड़ने की कार्यवाही की भी समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने अनविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को अपने क्षेत्र अंतर्गत पात्रता पर्ची एवं खाद्यान्न वितरण प्रणाली के अंतर्गत हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न वितरण हो इसकी भी समीक्षा की जाए। इस दौरान कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करतें हुए सभी अनविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए की जिले के आंगनबाड़ी केदो का भ्रमण कर निरीक्षण करें तथा इसका प्रतिवेदन भिजवाना भी सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी केंद्रों में कोई गड़बड़ी पाई जाती है, उस पर कार्यवाही भी की जाए।

### जर्जर भवनों के डिस्मेंटल के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में जिन विद्यालयों की जर्जर स्थिति है, उन स्कूल भवनों को जल्द से जल्द डिस्मेंटल करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि उन भवनों में कोई भी कक्षा का संचालन न किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने राहत राशि वितरण प्रणाली की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय में सभी हितग्राहियों को राशि वितरण होना चाहिए तथा अगर किसी हितग्राही के खाते में फेल ट्रांजैक्शन के कारण राशि खाते में नहीं गई है, तो त्वरित दोबारा हितग्राही के खाते में राहत राशि भिजवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### अनूपपुर मंडी को व्यवस्थित करवाने के आदेश

बैठक में कलेक्टर ने अनूपपुर मंडी में लगने वाली सब्जी दुकानों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनूपपुर मंडी को व्यवस्थित तरीके से संचालित कराएं। जिससे लोगों को बेहतर व्यवस्थाओं का लाभ मिल सके। अगर कोई दुकानदार अपने दुकान को व्यवस्थित तरीके से संचालित नहीं करता है, तो उसे तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नोटिस जारी कर उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस दौरान कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के भी स्थिति की समीक्षा की तथा सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में सभी राजस्व प्रकरण समय सीमा में निराकरण हो। कोई भी प्रकरण लंबित न हो, इसका भी अधिकारी विशेष ध्यान रखें।

### शासकीय सेवकों के स्वत्वों का समय पर हो निराकरण-कलेक्टर

**अनूपपुर।** विगत दिनो सम्पन्न जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में कर्मचारी संघों की मांग व समस्याओं और सुझाव के संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा की गई। बैठक में कर्मचारियों के स्वत्वों के निराकरण, सेवा पुस्तिका सत्यापन आदि की कार्यवाही के संबंध में दिशानिर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों को सम्मान पूर्ण विदाई दी जाए तथा उनके स्वत्वों का भुगतान व पीपीओ जारी भी उसी दिन हो। उन्होंने शिक्षकों के अटैचमेंट खत्म करने तथा कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के दस्तावेजों के अभिलेखों का ऑनलाईन प्रविष्टि दिशानिदेर्शानुसार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार कार्यवाही करने तथा पालन प्रतिवेदन से अवगत कराने के निर्देश दिए।